**पल्लवी प्रशांत होळकर**
सचिव

**Pallavi Prashant Holkar**
Secretary

**साहित्य अकादेमी**
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

## साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025 अर्पण समारोह 14 नवंबर को

नई दिल्ली। 12 नवंबर 2025; साहित्य अकादेमी द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार 2025, शुक्रवार (14 नवंबर 2025) को सायं 5.00 बजे तानसेन मार्ग स्थित त्रिवेणी कला संगम, नई दिल्ली में आयोजित हो रहे एक भव्य समारोह में प्रदान किए जाएँगे। साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक पुरस्कार प्रदान करेंगे। पुरस्कार समारोह की मुख्य अतिथि प्रख्यात प्रख्यात गुजराती लेखिका वर्षा दास होंगी तथा साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा समाहार वक्तव्य देंगी। स्वागत भाषण साहित्य अकादेमी की सचिव पल्लवी प्रशांत होळकर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

बाल साहित्य पुरस्कार 2025 प्राप्त करने वाली पुस्तकें और उनके लेखक हैं – असमिया – मइनाहंतर पद्य (कविता) : सुरेंद्र मोहन दास, बाङ्ला – एखनउ गाये काँटा देय (कहानी) : त्रिदिब कुमार चट्टोपाध्याय, बोडो – खान्थि बोसोन आरो आखु दानाय (कहानी) : बिनय कुमार ब्रह्म, डोगरी – नन्हीं टोर (कविता) : पी.एल.परिहार "शौक", अंग्रेज़ी – दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड (कहानी) : नितिन कुशलप्पा एमपी, गुजराती – टिंचाक (कविता) : कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट, हिंदी – एक बटे बारह (संस्मरण) : सुशील शुक्ल, कन्नड – नोटबुक (कहानी) : के. शिवलिंगप्पा हंदिहाल, कश्मीरी – शुरे ते चुरे ग्युश (कहानी) : इज़हार मुबशिर, कोंकणी – बेलाबायचो शंकर आनी हेर काणयो (कहानी) : नयना आडारकार, मैथिली – चुक्का (कहानी) : मुन्नी कामत, मलयाळम् – पेन्गिनुकळुडे वन्करायळ (उपन्यास) : श्रीजित मुत्तेडत्तु, मणिपुरी – अंगाङशिङ्गी शान्बुङसिदा (नाटक) : शांतो एम, मराठी– आभाळमाया (कविता) : सुरेश सावंत, नेपाली – शान्ति वन (उपन्यास) : साङ्मु लेप्चा, ओड़िआ – केते फुल फुटिचि (कविता) : राजकिशोर पाढ़ी, पंजाबी – जादू पत्ता (उपन्यास) : पाली खादिम (अमृत पाल सिंह), राजस्थानी – पंखेरुवं नी पीड़ा (नाटक) : भोगीलाल पाटीदार, संस्कृत – बालविश्वम् (कविता) : प्रीति पुजारा, संताली – सोना मीरु–वाक् सांदेश (कविता) : हरलाल मुर्मु, सिंधी – आसमानी परी (कविता) : हीना अगनाणी 'हीर', तमिऴ – ओट्राइ चिरगु ओविया (उपन्यास) : विष्णुपुरम सरवणन, तेलुगु– कबुर्ला देवता (कहानी) : गंगिशेट्टी शिवकुमार, उर्दू – क़ौमी सितारे (लेख) : ग़ज़नफ़र इक़बाल।

पुरस्कृत बाल साहित्यकारों को पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50,000/– रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाती है।

15 नवंबर 2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे पुरस्कृत बाल साहित्यकारों के साथ 'लेखक सम्मिलन' का आयोजन साहित्य अकादेमी सभागार, प्रथम तल, रवींद्र भवन, फीरोजशाह मार्ग, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इसमें पुरस्कार विजेता अपने स्वीकृति वक्तव्य तथा रचनात्मक लेखन के अनुभवों को साझा करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा करेंगी।

(पल्लवी प्रशांत होळकर)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-23386626-28, फैक्स : +91-11-23382428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-23386626-28, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in